**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : 12/14/ET** **Booklet Sr. No.................................**

1590

# TEST BOOKLET

# HINDI

# PAPER III

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 150

*All* questions carry equal marks.

## INSTRUCTIONS

1. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
2. This Test Booklet contains **75** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
3. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with Ball point pen as shown below. *H.B. Pencil should not be used* in blackening the circle to indicate responses on the answer sheet. In the following example, response "C" is so marked :

   (A) (B) ● (D)

4. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled. You may clearly note that since the answer sheets are to be scored/evaluated on machine, any violation of the instructions may result in reduction of your marks for which you would yourself be responsible.
5. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.* Use ball point pen for marking responses.
6. All items carry equal marks. Attempt all items.
7. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions.
8. After you have completed the test, hand over the OMR answer-sheet to the Invigilator.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

हिंदी

प्रश्नपत्र III

समय : 2½ घण्टे] [पूर्णांक : 150

**नोट** :— **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. 'धर्म का प्रभाव कर्म, ज्ञान और भक्ति, इन तीन धाराओं में चलता है ।'

   — उपर्युक्त कथन किसका है ?

   (A) पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

   (C) रामचन्द्र शुक्ल (D) रामावतार शर्मा

2. अब्राहम जार्ज ग्रियर्सन के अनुसार भक्ति :

   (A) भारतीय चिंताधारा का सहज विकास है ।

   (B) हतदर्प पराजित जाति का प्रतिफलन है ।

   (C) ईसाइयत की देन है ।

   (D) दक्षिण की देन है ।

3. उत्तर भारत में भक्ति-आंदोलन की निर्गुण धारा के उत्थान में शिल्पियों और जाटों-किसानों की प्रमुख भूमिका मानने वाले इतिहासकार हैं :

   (A) इरफ़ान हबीब (B) रोमिला थापर

   (C) रामशरण शर्मा (D) बिपनचंद्र

4. निम्नलिखित में से किस पंक्ति का संबंध 'उलटबाँसी' से है ?

(A) चलती चाकी देखकर दिया कबीरा रोय ।

(B) बादर बरस्या प्रेम का, भीज गया सब अंग ।

(C) सतगुरु मार्‌या बाण भरि धरि करि सूधि मूठि ।

(D) जल मैं सिंघ घर करै, मछली चढ़ै खजूरि ।

5. जायसीकृत 'पद्मावत' की विशेषता नहीं है :

(A) लोकसामान्य भावभूमि

(B) धार्मिक स्थलों की पहचान

(C) सर्गों में विभाजन

(D) पूर्वराग का चित्रण

6. भक्तिकाल की किस धारा में रहस्यवाद की अभिव्यक्ति स्थूल-गोचर विशिष्ट प्रतीकों के माध्यम से हुई है ?

(A) ज्ञानमार्गी काव्य

(B) प्रेमाख्यानक काव्य

(C) कृष्णभक्ति काव्य

(D) रामभक्ति काव्य

7. 'सूरसागर' का आधार है :

(A) महाभारत

(B) ब्रह्मवैवर्तपुराण

(C) गर्ग संहिता

(D) श्रीमद्‌भागवत

8. तुलसीदास की कौनसी रचना अवधी भाषा में लिखी गई है ?

(A) कवितावली (B) विनयपत्रिका

(C) रामलला नहछू (D) गीतावली

9. केशवदास के आचार्य-कर्म में किन संस्कृत आचार्यों के ग्रंथों को आधार बनाया गया है ?

(A) भामह, उद्‌भट (B) उद्‌भट, पं. जगन्नाथ

(C) मम्मट, विश्वनाथ (D) भामह, मम्मट

10. 'यदि प्रबंध काव्य एक विस्तृत वनस्थली है तो मुक्तक एक चुना हुआ गुलदस्ता है ।'

— उपर्युक्त पंक्तियाँ आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किस कवि के मुक्तकों की चर्चा करते हुए कही है ?

(A) घनानंद (B) बिहारी

(C) मतिराम (D) ठाकुर

11. भूषण के ग्रंथ 'शिवराज भूषण' में मुख्यतः निरूपण हुआ है :

(A) रसों का (B) ध्वनि का

(C) शब्द-शक्तियों का (D) अलंकारों का

12. "प्रेम-मार्ग का ऐसा प्रवीण और धीर पथिक तथा जबाँदानी का ऐसा दावा रखने वाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ ।"

— उपर्युक्त कथन किस कवि के संदर्भ में है ?

(A) आलम (B) गंग

(C) घनानंद (D) बेनी प्रवीन

13. भारत में आधुनिकता का वैचारिक आधार **नहीं** है :

(A) पूँजीवाद (B) औद्योगीकरण

(C) प्रेस का आगमन (D) राजतंत्र

14. महावीरप्रसाद द्विवेदी को हिंदी नवजागरण के चतुर्थ उत्थान का पुरोधा पुरुष कहा है :

(A) नामवर सिंह ने (B) मैनेजर पाण्डेय ने

(C) रामविलास शर्मा ने (D) विश्वनाथ त्रिपाठी ने

15. 'प्रियप्रवास' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1901 ई. (B) 1914 ई.

(C) 1917 ई. (D) 1925 ई.

16. मैथिलीशरण गुप्त द्वारा अनूदित रचना है :

(A) उमर खैयाम की रुबाइयाँ
(B) एकांतवासी योगी
(C) कुमारसंभवसार
(D) ऋतुसंहार

17. "धूल की ढेरी में अनजान । छिपे हैं मेरे मधुमय गान ।" – इस पंक्ति के रचयिता हैं :

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) निराला
(C) सुमित्रानंदन पंत
(D) महादेवी वर्मा

18. जयशंकर प्रसाद पर किस दर्शन का प्रभाव है ?

(A) वैष्णव
(B) शैव
(C) सांख्य
(D) बौद्ध

19. राष्ट्रीय काव्य-धारा के कवि/कवयित्री **नहीं** हैं :

(A) सुभद्राकुमारी चौहान
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(D) केदारनाथ अग्रवाल

20. हिंदी में मुक्त छंद के प्रथम कवि हैं :

(A) श्रीधर पाठक
(B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(D) मुकुटधर पाण्डेय

21. निम्नलिखित में से किस रचनाकार की कविताएँ वेदना में जन्म लेकर करुणा में पर्यवसित होती हैं :

(A) महादेवी वर्मा
(B) सुभद्राकुमारी चौहान
(C) शकुंत माथुर
(D) कीर्ति चौधरी

22. इतिहासवाद का संबंध किस विचारधारा से है ?

(A) रूपवाद
(B) मार्क्सवाद
(C) मनोविश्लेषणवाद
(D) अस्तित्ववाद

23. अस्तित्ववाद के विचारक हैं :

(A) कार्ल मार्क्स
(B) रामविलास शर्मा
(C) ज्यापाल सार्त्र
(D) मिशेल फूको

24. "मैंने उसको जब-जब देखा — लोहा देखा

लोहा जैसा तपते देखा, गलते देखा, ढलते देखा

मैंने उसको गोली जैसा चलते देखा ।"

— उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) नागार्जुन (B) त्रिलोचन

(C) मुक्तिबोध (D) केदारनाथ अग्रवाल

25. हिंदी में प्रयोगधर्मिता का कवि किसे माना जाता है ?

(A) अज्ञेय (B) रामकुमार वर्मा

(C) रघुवीर सहाय (D) दुष्यंत कुमार

26. "हाय-हाय ! टॉल्स्टॉय

कैसे मुझे दीख गये

सितारों के बीच-बीच

घूमते व रुकते

पृथ्वी को देखते ।"

— उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) मुक्तिबोध (B) त्रिलोचन

(C) केदारनाथ सिंह (D) नागार्जुन

27. समकालीन कवियों में किसका संबंध सक्रिय पत्रकारिता से रहा है ?

(A) नागार्जुन
(B) नरेश मेहता
(C) केदारनाथ अग्रवाल
(D) रघुवीर सहाय

28. मिथकीय चेतना के कवि हैं :

(A) कुँवर नारायण
(B) अरुण कमल
(C) राजेश जोशी
(D) उदय प्रकाश

29. "मैं उपन्यास को मानव जीवन का चित्र मात्र समझता हूँ । मानव चरित्र पर प्रकाश डालना और उसके रहस्यों को खोलना ही उपन्यास का मूल तत्त्व है ।"

– उपर्युक्त कथन है :

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी का
(B) रामचंद्र शुक्ल का
(C) प्रेमचंद का
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी का

30. 'चंद्रकांता' किस श्रेणी का उपन्यास है ?

(A) जासूसी
(B) ऐयारी
(C) सामाजिक
(D) धार्मिक

31. निम्नलिखित में 'गोदान' के संदर्भ में कौनसा पात्र-समुच्चय **सही** है ?

(A) होरी – धनिया – गोबर

(B) होरी – झुनिया – सूरदास

(C) होरी – बुधिया – गोबर

(D) होरी – सिलिया – जुम्मन

32. खण्डों की निम्नलिखित क्रम-सूची किस उपन्यास में है ?

प्रथम खण्ड : ऊषा और ईश्वर

द्वितीय खण्ड : बीज और अंकुर

तृतीय खण्ड : प्रकृति और पुरुष

चतुर्थ खण्ड : पुरुष और परिस्थिति

(A) मैला आंचल

(B) बूँद और समुद्र

(C) शेखर : एक जीवनी

(D) जहाज का पंछी

33. निपुणिका और सुचरिता किस उपन्यास की पात्र हैं ?

(A) बाणभट्ट की आत्मकथा

(B) गढ़कुण्डार

(C) वैशाली की नगरवधू

(D) कालकथा

34. काव्यात्मक भावुकता किस रचनाकार की कहानियों में पाई जाती है ?

(A) प्रेमचंद
(B) प्रसाद
(C) विश्वंभरनाथ शर्मा 'कौशिक'
(D) गुलेरी

35. निम्नलिखित में से कौनसी लेखिका नयी कहानी आंदोलन से जुड़ी है ?

(A) चित्रा मुद्‌गल
(B) मृणाल पाण्डेय
(C) नासिरा शर्मा
(D) उषा प्रियंवदा

36. निम्नलिखित में से भारतेन्दु का कौनसा नाटक अनूदित है ?

(A) चंद्रावली
(B) प्रेम-जोगिनी
(C) नीलदेवी
(D) कर्पूरमंजरी

37. स्त्री-चेतना की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण नाटक है :

(A) चंद्रगुप्त
(B) स्कंदगुप्त
(C) ध्रुवस्वामिनी
(D) अजातशत्रु

38. "अर्थ नहीं था

कुछ भी अर्थ नहीं था

जीवन के अर्थहीन

सूने गलियारे में

पहरा दे–देकर

अब थके हुए हैं हम

अब चुके हुए हैं हम"

— उपर्युक्त पंक्तियाँ किस नाटक से उद्धृत हैं ?

(A) अंधायुग

(B) आधे अधूरे

(C) चंद्रगुप्त

(D) सिन्दूर की होली

39. निम्नलिखित में से कौनसी श्रेणी आचार्य रामचंद्र शुक्ल के निबंधों की **नहीं** है ?

(A) मनोविकारविषयक

(B) साहित्य–सिद्धांतविषयक

(C) साहित्यालोचनविषयक

(D) लालित्यविषयक

40. 'अशोक के फूल' पुस्तक का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1942
(B) 1947
(C) 1948
(D) 1954

41. कुबेरनाथ राय के निबंधों का संबंध भारत के किस प्रदेश से है ?

(A) उत्तर प्रदेश
(B) हिमाचल प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश
(D) आंध्र प्रदेश

42. निम्नलिखित में से कौनसा निबंध विद्यानिवास मिश्र का नहीं है ?

(A) मेरे राम का मुकुट भींग रहा है
(B) तुम चंदन हम पानी
(C) मैंने सिल पहुँचाई
(D) आम फिर बौरा गये

43. आचार्य दण्डी के अनुसार काव्य-सृजन के लिए निम्नलिखित में से किस तत्त्व की अनिवार्यता नहीं है ?

(A) नैसर्गिक प्रतिभा
(B) निर्मल बहुज्ञता
(C) निरंतर अभ्यास
(D) प्रशिक्षण

44. निम्नलिखित में से रस सिद्धांत के व्याख्याकार **नहीं** हैं :

(A) भट्ट लोल्लट (B) शंकुक

(C) भट्टनायक (D) भामह

45. 'रसमीमांसा' के लेखक हैं :

(A) केशवप्रसाद मिश्र (B) रामचंद्र शुक्ल

(C) श्यामसुंदर दास (D) डॉ. नगेंद्र

46. "न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते ।" यह कथन है :

(A) भरतमुनि का (B) वामन का

(C) शंकुक का (D) मम्मट का

47. "यद्यपि रत्नाकर का काव्य छंद, शब्द-मैत्री, अलंकार आदि की दृष्टि से उत्कृष्ट है, किंतु उसकी विषयवस्तु अनिवार्य नहीं, अतः वह पिष्टपेषण है । जो काव्य अनिवार्य नहीं, उसे महान नहीं कह सकते ।"

– उपर्युक्त कथन के आलोचक हैं :

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) नंददुलारे वाजपेयी (D) मिश्रबंधु

48. हिंदी में 'लोकमंगल' की अवधारणा के स्थापक आलोचक हैं :

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) नामवरसिंह
(D) विजयदेव नारायण साही

49. निम्नलिखित में से कौनसी धारणा मार्क्सवादी समीक्षा के अंतर्गत **नहीं** आती ?

(A) ऐतिहासिक भौतिकवाद
(B) द्वंद्वात्मक भौतिकवाद
(C) वर्ग-संघर्ष
(D) रूपवाद

50. अनुकरण-सिद्धांत का आधार ग्रंथ है :

(A) ऑन पोएटिक्स
(B) द मेकिंग ऑफ लिटरेचर
(C) ऑल लिटरेचर एण्ड आर्ट
(D) आर्ट ऑफ सोसायटी

51. 'साहित्य-समीक्षा सिद्धांत' (Principles of Literary Criticism) के लेखक हैं :

(A) डॉ. ब्रेडले
(B) टी.एस. इलियट
(C) आई.ए. रिचर्ड्स
(D) सैमुअल जॉनसन

52. 'पेरिइप्सुस' ग्रंथ केंद्रित है :

(A) संप्रेषण सिद्धांत पर
(B) उदात्त तत्त्व पर
(C) अभिव्यंजनावाद पर
(D) विरेचन सिद्धांत पर

53. "हम सफल या बेहतर अभिव्यंजना को ही सौंदर्य कह सकते हैं, इससे ज्यादा कुछ नहीं, क्योंकि अभिव्यंजना जब सफल होती है तो अभिव्यंजना नहीं रह जाती ।"

– उपर्युक्त कथन है :

(A) आई.ए. रिचर्ड्स का
(B) लोंजाइनस का
(C) प्लेटो का
(D) बेनेदेतो क्रोचे का

54. विरेचन सिद्धांत का अर्थ है :

(A) शुद्धिकरण
(B) दोष प्रच्छालन
(C) शमन
(D) परिष्कार

55. नयी समीक्षा पर केंद्रित पुस्तक 'दि न्यू क्रिटिसिज्म' (1941) के लेखक हैं :

(A) टी.एस. इलियट (B) रेने वेलेक

(C) जॉन क्रो रैन्सम (D) आई.ए. रिचर्ड्स

56. किस पाश्चात्य विद्वान ने पहली बार 'नयी समीक्षा' (New Criticism) शब्द का प्रयोग किया है ?

(A) एलेन टेट (B) रॉबर्ट पेन वारेन

(C) प्रो. एस. ई. स्पिनगर्न (D) क्लींथ ब्रूक्स

57. निम्नलिखित में से कौनसी पंक्ति 'पद्मावत' से है ?

(A) मोर दुइ नैन चुवहिं जसि ओरी ।

(B) कथा एक मैं दिए उपाई । कहत मीठ औ सुनत सोहाई ॥

(C) ऊँच पंथ प्रेम का होई । तेहि महँ ऊँच भए सब कोई ॥

(D) तहाँ सकल सुख मंगल, कष्ट नसात ॥

58. "दधि दुर्बा रोचन फल फूला । नव तुलसी दल मंगल मूला ॥

भरि भरि हेम थार भामिनी । गावत चलि सिंधुरगामिनी ॥"

— रामचरितमानस की उपर्युक्त पंक्तियाँ हैं :

(A) राम द्वारा लंका विजय के बाद अयोध्या आने के समय की ।

(B) सीता स्वयंवर के बाद राम के जनकपुर से आने के समय की ।

(C) राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जन्म के समय की ।

(D) राम, सीता और लक्ष्मण के वन-गमन के समय की ।

59. "ऊधो ! बिरहौ प्रेम करै ।

ज्यौं बिन पुट पट गहै न रंगहि, पुट गहे रसहि परै ।

जौ आवाँ घट दहत अनल तनु तौ पुनि अमिय भरै ॥"

— उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पुस्तक से उद्धृत हैं :

(A) भँवरगीत (B) भ्रमरगीत-सार

(C) पद्मावत (D) उद्धवशतक

60. निम्नलिखित में से किस पुस्तक के लेखक आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी हैं ?

(A) कबीर के आलोचक
(B) कबीर परिचई
(C) कबीर
(D) कबीर के कुछ और आलोचक

61. शक्ति के विद्युत्कण जो व्यस्त विकल बिखरे हैं, हो निरुपाय, समन्वय उसका करे समस्त विजयिनी मानवता हो जाय ।

— उपर्युक्त पंक्तियाँ किस सर्ग से हैं ?

(A) श्रद्धा
(B) लज्जा
(C) इड़ा
(D) आनंद

62. 'राम की शक्ति-पूजा' का काव्य-रूप है :

(A) गीति-नाट्य
(B) गीति काव्य
(C) प्रबंध
(D) मुक्तक

63. 'प्रियंवद' का उल्लेख अज्ञेय की किस कविता में हुआ है ?

(A) असाध्यवीणा
(B) कितनी शांति ! कितनी शांति !
(C) ये मेघ साहसिक सैलानी
(D) नदी के द्वीप

64. मुक्तिबोध की कविता 'अंधेरे में' की अंतिम पंक्ति है :

(A) पता नहीं जाने कहाँ, जाने कहाँ वह है ।

(B) रिहा ! छोड़ दिया गया मैं,

(C) परम अभिव्यक्ति अनिवार आत्म-सम्भवा ।

(D) वह जेब ......... किसी एक फटे हुए मन की

65. "फाँसी !

जिस जीवन को उत्पन्न करने में हमारे संसार की सारी शक्तियाँ, हमारे विकास, हमारे विज्ञान, हमारी सभ्यता द्वारा निर्मित सारी क्षमताएँ या औजार असमर्थ हैं, उसी जीवन को छीन लेने में, उसी का विनाश करने में, ऐसी भोली हृदय-हीनता – फाँसी !"

– उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कथाकार की हैं ?

(A) प्रेमचंद (B) यशपाल

(C) अज्ञेय (D) फणीश्वर नाथ 'रेणु'

66. हिंदी में कृषक-संस्कृति का महाकाव्य किस उपन्यास को कहा गया है ?

(A) देहाती दुनिया (B) राग दरबारी

(C) मैला आँचल (D) गोदान

67. "अरुण यह मधुमय देश हमारा

जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा"

– उपर्युक्त पंक्तियाँ 'प्रसाद' ने किसके मुख से कहलायी हैं ?

(A) कार्नेलिया (B) देवसेना

(C) श्रद्धा (D) मधुलिका

68. 'आधे अधूरे' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1954 (B) 1963

(C) 1958 (D) 1969

69. 'गोदान' के अंत में निम्नलिखित पंक्तियाँ दातादीन से किसने कहीं है ?

"महाराज ! घर में न गाय है, न बछिया, न पैसा । यही पैसे हैं, यही इनका गोदान है ।"

(A) झुनिया (B) धनिया

(C) गोबर (D) भोला

70. छायावाद के समर्थ आलोचक है :

(A) नंददुलारे वाजपेयी

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) शिवदान सिंह चौहान

(D) मलयज

71. निम्नलिखित में से किस रचनाकार का संबंध इलाहाबाद से नहीं है ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) सुमित्रानंदन पंत

72. 'मित्रो मरजानी' की लेखिका हैं :

(A) मृणाल पाण्डेय

(B) कृष्णा सोबती

(C) चित्रा मुद्गल

(D) मृदुला गर्ग

73. 'जूठन' के लेखक हैं :

(A) मोहनदास नैमिषराय
(B) सुशीला टाकभौरे
(C) तुलसीराम
(D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

74. 'विखण्डनवाद' के जनक हैं :

(A) जॉक देरिदा
(B) मिशेल फूको
(C) रोलाँ बार्थ
(D) जुलिया क्रिस्तोवा

75. निम्नलिखित में से किस लेखक का संबंध हिमाचल प्रदेश से रहा है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) महादेवी वर्मा
(C) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी